52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.5°c
अधिकतम 28.6°c

**पाठकों के लिए सूचना**

सम्मानित पाठकों,
आज का बुलेटिन 8 पृष्ठों का है, कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के8 पृष्ठ लेना न भूलें। - व्यवस्थापक

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बटेंगे तो कटेंगे जैसे बयान कोई साधू नहीं दे सकता, ये बात आतंकी कह सकते हैं : खड़गे



बरसों से मैं भटक रहा मूरख और नादान... साधू को हो पाएगी.... साधू की पहचान...

सूर्योदय : 6:41 सूर्यास्त : 5:25

वर्ष : 52/ अंक : 313 मंगलवार, 12 नवम्बर 2024 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये





52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 313 मंगलवार, 12 नवम्बर 2024 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## न्यायमूर्ति संजीव खन्ना बने उच्चतम न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली, 11 नवंबर (वार्ता)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिह, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा मौजूदा और पूर्व न्यायाधीश, कई केंद्रीय मंत्री और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50 वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अक्टूबर में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी।



इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 24 अक्टूबर 2024 को केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने न्यायमूर्ति खन्ना के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से संबंधित एक अधिसूचना जारी की।

# आ गया बैंड, बाजा और बाजार का मौसम

## बैंकट हॉल, होटल, धर्मशाला, बैंड, हलवाई सबकी बुकिंग फुल

**मुजफ्फरनगर, 11 नवंबर (बु.)।** 12 नवंबर यानि कल (आज) देव उठनी एकादशी के साथ ही आषाढ़ माह से बंद विवाह शादी व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों पर लगी रोक समाप्त होने के साथ ही फिर से बैंड बाजा और बारात का सीजन शुरू हो रहा है। इसके चलते आने वाले दिनों में जिले में हजारों की संख्या में शादियों की तैयारी है। इससे बाजार में भी सहालग का मौसम है और जमकर खरीदारी के लिए लोग निकल रहे हैं। बैंकट हॉल, होटल, धर्मशाला, बैंड बग्घी, कैटरर और हलवाई समेत शादी विवाह के सीजन के लिए तमाम जरूरी सेवाएं एडवांस बुक हैं। बाजार में इसके लिए खरीदारी का दौर फिर से तेज हो गया है।



आषाढ़ माह में देव शयनी एकादशी के समय माना जाता है कि भगवान विष्णु पाताल लोक में शयन के लिए चले जाते हैं। इसके चलते विवाह शादी आदि मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इसके बाद देव उठनी एकादशी पर वे फिर से पृथ्वी लोक पर आते हैं। इसके साथ मांगलिक कार्यों का मुहूर्त फिर से शुरू हो जाता है। ऐसे में देव प्रबोधनी या देव उठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त की तरह पवित्र माना जाता है। इसके बार लगातार विवाह शादियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस बाद मंगलवार 12 नवंबर को देव उठनी एकादशी के साथ शादियों का सीजन शुरू हो रहा है। शादी का यह मौसम शहर के बाजारों को भी रोशन करने वाला है। फेरे कराने के लिए पंडितों की खोज चल रही है। बैंड-बाजा, कैटरिंग, परिधान और ज्वैलरी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। बैंकट हॉल, होटल और धर्मशालाओं में पहले से ही बुकिंग्स का दौर जारी है। कमोबेश सभी जगह हाउस फुल का बोर्ड लगा है। बैंड और बग्घी वाले तो कई-कई शिफ्टों में काम करने की तैयारी में हैं। विवाह शादियों के चलते बाजार में दुल्हनों को देने के लिए दहेज के सामान की खरीदारी जोरों पर है। दूल्हे और परिवार के लिए भी तमाम सामान खरीदे जा रहे हैं। जिससे व्यापारियों में खुशी की लहर है। इस प्रकार, देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर-दिसंबर के इन शुभ मुहूर्तों में शहर में शादियों की रौनक छाई रहेंगी। शहर में लिंक रोड, भोपा रोड, रुडकी रोड, जानसठ रोड, लक्ष्मण विहार समेत तमाम स्थानों पर बैंकट हॉल्स बारातियों की अगवानी के लिए तैयार हैं।

## वर्ष 2024-25 में 40 से अधिक विवाह मुहूर्त

**मुजफ्फरनगर।** आने वाले सीजन में विवाह के चालीस शुभ मुहूर्त रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह के लिए चंद्र, सूर्य और बृहस्पति की विशेष स्थिति को देखकर ही मुहूर्त निकाले जाते हैं। शुभ मुहूर्तों के चलते नवविवाहित जोड़ों को अनुकूल ग्रह संयोगों का लाभ मिलता है, जिससे विवाह के सुखद संयोग बनते हैं।

विशेष मुहूर्तों की सूची
नवंबरः 17, 22, 23
दिसंबरः 2, 3, 4, 5, 9, 10, 15
जनवरीः 16, 17, 21, 22
फरवरीः 8, 12, 13, 14, 15, 18, 20, 21, 25
मार्चः 5, 6
अप्रैलः 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30
मईः 5, 6, 7, 8, 13, 14, 17, 28
जूनः 1, 2, 4, 7, 8



जून-जुलाई में गुरु तारा अस्त, विवाह मुहूर्त की कमी
12 जून से 8 जुलाई 2025 तक गुरु तारा अस्त रहेगा, जिसके चलते इस दौरान विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। गुरु तारे के अस्त होने पर विवाह, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

### आज होगा तुलसी शालिग्राम का विवाह

**मुजफ्फरनगर।** इस दिन देवी तुलसी और भगवान विष्णु (शालिग्राम) का विवाह संपन्न होता है। इस साल तुलसी विवाह 12 नवंबर 2024 को मनाया जाएगा। तुलसी विवाह का विशेष मुहूर्त 12 नवंबर 2024 को शाम 5:29 बजे से लेकर रात 7:53 बजे तक रहेगा। इस अवधि में तुलसी विवाह की पूजा और व्रत का आयोजन करना अत्यंत शुभ माना जाता है। शहर में अनेक स्थानों पर इन आयोजनों की तैयारी चल रही है।

## राम मन्दिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हाई अलर्ट

**अयोध्या, 11 नवंबर (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी गुर पतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसने यह धमकी अपना वीडियो जारी करते हुए दी है। आतंकी पन्नू ने कहा है कि 16-17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी। इस धमकी भरे वीडियो की जानकारी मिलने के बाद यहां राम जन्मभूमि परिसर में हाई अलर्ट कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी खुद भी मौके पर मौजूद हैं और परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है। राम मंदिर की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया है। इस बारे में फिलहाल कोई अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी सुरक्षा बालरामाचारी दुबे। मंदिर परिसर को हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। धमकी में 16 और 17 नवंबर को मंदिर में हिंसा की बात की गई है। बता दें कि हर रोज हजारों की संख्या में दर्शनार्थी रामलला के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद ही जिम्मा संभाल लिया है। राम मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## टक्कर लगने पर बाइक सवारों ने ट्रैक्टर चालक को उतारा मौत के घाट

**मुजफ्फरनगर, 11 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉले की टक्कर दो बाइक सवारों से लगने के बाद विवाद पैदा हो गया। विवाद के बाद बाइक सवार दोनों भाइयों ने ट्रेक्टर चालक के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद उपचार के दौरान चालक की मौत हो गई। दोनों भाइयों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

आपको बता दें कि सहारनपुर जनपद के थाना बड़गांव के गांव सिसौना निवासी नवीन कुमार गन्ना डालने के लिए ट्रेक्टर ट्राले से देवबंद आया था। उसके साथ उसका रिश्तेदार चरथावल का सैदपुर कलां निवासी देवाशीष भी मौजूद था। देवबंद गन्ना डालने के बाद दोनों वापस ट्रैक्टर ट्रॉले से सैदपुर कलां आ रहे थे, तभी बहेड़ी व आखलौर कट के पास उनके ट्रैक्टर ट्रॉले की टक्कर सहदेव व जयकुमार निवासीगण आखलौर से हो गई। कहासुनी के बाद दोनों भाइयों ने मिलकर नवीन कुमार के साथ मारपीट कर दी। उस समय लोगों ने बीच में आकर मामला खत्म करा दिया, मगर बात यहीं खत्म नहीं हुई। उक्त दोनों भाई जयकुमार व सहदेव अपने साथियों के साथ अपनी खुन्नस निकालने के लिए नवीन कुमार का पीछा करते हुए होशियारपुर रेलवे पुल के पास पहुंच गये, जहां सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से नवीन कुमार के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह बेहोश होकर वहीं निढाल हो गया। जैसे-कैसे उसे उपचार के लिए चरथावल सामुदायिक केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर नवीन के साथ गये देवाशीष की तहरीर पर दोनों सगे भाइयों व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर, 11 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हुआ है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि पीनना निवासी कृणाल मलिक अपनी बुलेट पर सवार होकर बाईपास की तरफ जा रहा था, उसके आगे एक ट्राली चल रही थी, अचानक ट्राली चालक ने ब्रेक लिये और कृणाल की बुलेट ट्राली में जा घुसी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं रविवार देर रात में बागोवाली चौराहे पर दूसरा हादसा हुआ, जिसमें लविश निवासी बसेड़ा थाना छपार तथा अंकुर निवासी रेत्तानंगला शहर से छपार की ओर लौट रहे थे। उक्त दोनों की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। दोनों सड़क पर जा गिरे, जहां लविश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकुर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस के अनुसार पांच हजार रुपये के लिए हुई सन्नी की हत्या, परिजन बोले-पैसे के लेन देन का कोई मामला था ही नहीं

**मुजफ्फरनगर, 11 नवम्बर (बु.)।** रविवार की रात लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने दूसरे युवक की बिसौली से हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस व युवक के परिजन दोनों पहुंचे और हाथों हाथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, रामपुरी का रहने वाला सन्नी पांचाल उर्फ रजत कल रात जनकपुरी स्थित अजेश की कुट्टी पर सोया हुआ था। जहां उसका जानकार नीरज मलिक निवासी उत्तरी रामपुरी बिसौली लेकर पहुंचा और सन्नी के सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिये, जिससे मौके पर ही सन्नी पांचाल की मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही रात में ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने सन्नी की मौत की पुष्टि की। सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार हुए नीरज



मलिक के बयान के अनुसार बताया कि उसने सन्नी से पांच हजार रुपये उधार लेने थे, इसी बात को लेकर दोनों में वाद विवाद हुआ और विवाद के बाद उसने सन्नी की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी मृतक का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया था, मगर रात में ही एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया और पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी को रात्रि में ही सहारनपुर बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया था और उसने कबूल किया कि उसी ने सन्नी पर ईंट तोड़ने वाली बिसौली से वार कर उसको मौत के घाट उतारा है। हत्यारोपी नीरज मलिक के बयान से अलग परिवार के लोगों का बताना है कि सन्नी का किसी प्रकार का कोई लेन देन नीरज से नहीं था। नीरज मलिक ने किसी अन्य कारण से सन्नी की हत्या की है। चर्चा है कि नीरज मलिक काफी दिनों से रंजिश के चलते सन्नी से मारपीट के मूड में था, मगर उसे कल ये मौका हाथ लग पाया। परिजन जल्द ही प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात का खुलासा करने की तैयारी कर रहे हैं कि मृतक सन्नी का रुपये के लेन देन का कोई मामला नहीं है, परिजनों का कहना है कि पांच हजार रुपये के लिए कोई किसी की हत्या नहीं कर सकता।

## वक्फ विधेयक मुसलमानों पर ही नहीं, देश के संविधान पर भी हमला : इमरान मसूद

**सहारनपुर, 11 नवंबर (एजेंसी)।** एक तरफ जहां मौसम सर्द होता जा रहा है, वहीं, यूपी में होने वाले उपचुनाव में सियासी पारा तप रहा है। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद और जेपीसी सदस्य इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ विधेयक मुसलमानों पर ही नहीं बल्कि देश के संविधान पर भी हमला है। सांसद इमरान मसूद ने चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि देश में भाजपा सरकार ने अजीब सा माहौल पैदा कर दिया है। आज मुसलमानों की प्रोपर्टी खत्म की जा रही है। यह विधेयक संविधान का उल्लंघन करता है। हमारे पास क्या बचेगा। कब्रिस्तान कहां जाएंगे और मदरसों एवं मस्जिदों की संपत्ति भी खत्म हो जाएगी। इसी तरह भाजपा भविष्य में बोर्ड बनाकर प्राचीन मंदिरों की संपत्ति को भी खत्म कर देगी। इमरान मसूद ने आरोप लगाया कि मंदिरों के लिए भी बोर्ड बनवाने की मांग भाजपा सरकार ने उठवानी शुरू कर दी है।

## प्याज ने रुलाया, लहसुन ने तड़पाया, मौसमी सब्जियां गाजर, गोभी और मूली भी ले रही महंगाई की होड़

**मुजफ्फरनगर, 11 नवंबर (बु.)।** नई स्थानीय फसल आ चुकी है, लेकिन प्याज आंसू निकलवा रही है। प्याज ही नहीं लहसुन भी महंगाई के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। टमाटर की सुर्खी थोड़ी कम हुई है, लेकिन हरी सब्जियों पर भी महंगाई बरकरार है। ऐसे में रसोई पर बोझ बढ़ा है और थाली महंगी पड़ रही है। बाजार का हाल यह है कि सब्जियों के दाम मनमाने तरीके से बढ़ाए घटाए जा रहे हैं।

महंगाई के इस दौर में प्याज और लहसुन के दामों में बढ़ोतरी ने एक बार फिर से रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। बाजार में प्याज जहां साठ से सत्तर रुपये प्रति किलो बिक रही है, वहीं लहसुन भी चार सौ से साढ़े चार सौ रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। विगत कई दिनों से प्याज के दाम काफी अस्थिर बने हुए हैं। हालांकि दामों को लेकर विक्रेताओं की मनमानी भी देखने को मिल रही है। सब्जियों की ठेली लेकर गली मुहल्लों में जाने वाले फेरी विक्रेता सत्तर रुपये तक प्रति किलो तक प्याज के दाम वसूल रहे हैं। कई जगह दुकानों पर प्याज साठ रुपये है तो कुछ जगह थोड़ी हल्की गुणवत्ता वाली प्याज पचास रुपये प्रतिकिलो तक बेची जा रही है। प्याज ऐसी सब्जी है जो हर घर की जरूरत है। ज्यादातर सब्जियों और दाल में इसका प्रयोग होता है। ऐसे में प्याज के दाम बढ़ते हैं तो रसोई की चीख निकलने लगती है। इसका असर घर से लेकर होटलों और विवाह आदि समारोहों तक पर पड़ता है। वहां सलाद में प्याज की मात्रा खीरे, मूली और गाजर के मुकाबले दस प्रतिशत रह जाती है। सर्दियों के मौसम में प्याज के साथ लहसुन की मांग भी बढ़ जाती है। इस बार अभी तक लहसुन के दामों में भी कमी के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं। बाजार में लहसुन अभी भी चार सौ से साढ़े चार सौ रुपये प्रति किलो बेचा जा रहा है। प्याज और लहसुन ऐसी सब्जियां हैं, जो निरामिष से लेकर आमिष तक सभी भोजन के लिए उपयोगी हैं। ऐसे में इसके दामों का असर सभी पर बराबर पड़ा है। प्याज और लहसुन के दामों पर महाराष्ट्र के मौसम का असर पड़ रहा है। वहां पिछले दिनों बाढ़ और बारिश से प्याज की फसल प्रभावित हुई है। यही हाल लहसुन का है। प्याज और लहसुन की महंगाई का कारण क्या हैं, इसे लेकर विक्रेताओं का कहना है कि



प्याज के कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे व्यापारियों का कहना है कि बाहर से जो प्याज सप्लाई होती है, वही कम आ रहा है। मंडी के थोक व्यापारियों का कहना है कि नासिक से ही प्याज की सप्लाई बहुत कम हो गई है। यही कारण है कि प्याज की कीमत में रोज बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई होती है, तो प्याज और लहसुन जैसी चीजों की जमाखोरी भी होने लगती है। इससे भी दाम बढ़ते हैं। जानकारों के अनुसार प्याज के दामों में बढ़ोतरी के दो प्रमुख कारण हैं। पहला कारण है कि महाराष्ट्र में अत्यधिक बारिश के कारण प्याज की फसल पर असर पड़ा है। बाढ़ एवं भीषण बारिश का असर प्याज के व्यापार को प्रभावित करता है। उनका कहना है कि स्थानीय प्याज आने लगी है और इससे आने वाले दिनों में प्याज के दामों में गिरावट आएगी। आम तौर पर नवरात्र के बाद और दिवाली के आसपास तक सब्जियों के दामों में कमी नजर आने लगती है, लेकिन इस बार सब्जियों के तेवर में बहुत कमी नहीं है। यहां तक कि मौसमी सब्जियों के दामों में भी गिरावट की इंतजार लोग कर रहे हैं। बाजार में गाजर अस्सी रुपये और गोभी चालीस से पचास रुपये तक बेची जा रही है। मूली भी अभी तीस रुपये किलो है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सब्जियों के दामों में कमी आएगी।

प्याज और लहसुन ऐसी सब्जियां हैं जो निरामिष से लेकर आमिष तक सभी भोजन के लिए उपयोगी हैं। ऐसे में इसके दामों का असर सभी पर बराबर पड़ा है। प्याज और लहसुन के दामों पर महाराष्ट्र के मौसम का असर पड़ रहा है। वहां पिछले दिनों बाढ़ और बारिश से प्याज की फसल प्रभावित हुई है। यही हाल लहसुन का है। प्याज और लहसुन की महंगाई का कारण क्या हैं इसे लेकर विक्रेताओं का कहना है कि प्याज के कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे व्यापारियों का कहना है कि बाहर से जो प्याज सप्लाई होती है वही कम आ रहा है। मंडी के थोक व्यापारियों का कहना है कि नासिक से ही प्याज की सप्लाई बहुत कम हो गई है। यही कारण है कि प्याज की कीमत में रोज बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई होती है तो प्याज और लहसुन जैसी चीजों की जमाखोरी भी होने लगती है। इससे भी दाम बढ़ते हैं। जानकारों के अनुसार प्याज के दामों में बढ़ोतरी के दो प्रमुख कारण हैं। पहला कारण है कि महाराष्ट्र में अत्यधिक बारिश के कारण प्याज की फसल पर असर पड़ा है। बाढ़ एवं भीषण बारिश का असर प्याज के व्यापार को प्रभावित करता है। उनका कहना है कि स्थानीय प्याज आने लगी है और इससे आने वाले दिनों में प्याज के दामों में गिरावट आएगी। आम तौर पर नवरात्र के बाद और दिवाली के आसपास तक सब्जियों के दामों में कमी नजर आने लगती है, लेकिन इस बार सब्जियों के तेवर में बहुत कमी नहीं है। यहां तक कि मौसमी सब्जियों के दामों में भी गिरावट की इंतजार लोग कर रहे हैं। बाजार में गाजर अस्सी रुपये और गोभी चालीस से पचास रुपये तक बेची जा रही है। मूली भी अभी तीस रुपये किलो है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सब्जियों के दामों में कमी आएगी।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## यूपीपीएससी आयोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज

**प्रयागराज, 11 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के विरोध में आयोग की तरफ बढ़ रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इससे छात्रों की भीड़ में भगदड़ मच गई। पूरे जिले की फोर्स को मौके पर बुला ली गई है। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों में भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्राएं भी आंदोलन में पहुंची थीं। लाठीचार्ज के बाद छात्र तितर बितर हो गए। मौके पर पीएसी और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुला ली गई हैं। धरना देर शाम तक जारी रहा। मोबाइल फोन का टॉर्च जलाकर अभ्यर्थी नारेबाजी करते रहे। प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर जिला प्रशासन और आयोग प्रशासन में खलबली मच गई है। इसको देखते हुए सोमवार को सुबह से ही भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। प्रतियोगी छात्र एक ही मांग पर अड़े हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराई जाए। एक्स पर ह्यहैशटैग यूपीपीएससी आरओ/एआरओ वनशिफ्ट नाम से चलाए गए अभियान को 2.40 लाख अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया। हालांकि, इतने व्यापक विरोधा के बावजूद आयोग ने शाम को दोनों ही परीक्षाएं दो दिन कराए जाने का निर्णय ले लिया। इसके



बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के यूपीपीएससी के फैसले के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू कर दिए हैं। वहीं आयोग दो दिन परीक्षा कराने पर अड़ गया है। परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों में कराई जानी है। इसके लिए आयोग ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक 21 नवंबर को बुलाई है, इसमें आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक दिन में कराने और नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) की प्रक्रिया निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र आंदोलन कर रहे हैं। उनके ऊपर लाठीचार्ज भी किया गया।

## कार्तिक गंगा स्नान मेले की तैयारी में जुटा प्रशासन

### मंगलवार को विधिवत रूप से किया जाएगा मेले का शुभारम्भ

**भोपा, 11 नवम्बर (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ कार्तिक पूर्णिमा के प्रसिद्ध गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का भैंसा-बुग्गी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पहुंचना शुरू हो गया है। मेले के मीना बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं। नगरी के विभिन्न मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। मेले में पुलिसकर्मियों को असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के आदेश दिए गए हैं। कल (आज) मेले का विधिवत रूप से गंगा आरती के साथ शुभारम्भ किया जाएगा।

जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। सोमवार को भैंसा-बुग्गी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अनेक श्रद्धालु तीर्थनगरी में पहुंचे और अपना तम्बू बनाकर ठहरना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं के आगमन से पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है और मुख्य मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरियर पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। गंगा घाट पर शिक्षा विभाग के द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाकर सजाया





जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, मेला मजिस्ट्रेट संजय सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरवीर सिंह ने गंगा घाट पर रंगोली का निरीक्षण किया। नगरी के शुकदेव मंदिर, हनुमद्धाम, गणेश धाम, शिव धाम, मां पीतांबरा धाम व श्री गंगा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। मेला ग्राउंड पर भव्य गेट बनाया गया है तथा सरकारी प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। मेला मजिस्ट्रेट संजय सिंह ने बताया कि कार्तिक गंगा स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए 220 शौचालय, 50 नल अतिरिक्त लगाए गये हैं। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसकी अलग-अलग विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी कार्यों का स्थलीय तथा गहनता से निरीक्षण किया जा रहा है। मेले की व्यवस्था में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पवन गोयल, नरेंद्र गर्ग, अक्षय शर्मा आदि लगे हुए हैं। सीओ डॉ. रविशंकर मिश्र ने बताया कि मेले को पांच सैक्टर में बांटा गया है। मेले में 23 इंस्पेक्टर, 118 सब इंस्पेक्टर, 97 हैड कांस्टेबल, 164 कांस्टेबल, 71 महिला कांस्टेबल, 24 होमगार्ड तथा ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पं. रामकुमार शर्मा, मण्डल अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सहरावत, रविन्द्र सिंह, प्रदीप निर्वाल, डॉ. महकार सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र आर्य उपस्थित रहे।

### आज शाम किया जाएगा मेले का विधिवत शुभारम्भ

**भोपा।** मेले का शुभारम्भ 12 नवंबर की शाम को गंगा आरती-पूजन के साथ किया जाएगा। इसके अलावा मेला ग्राउंड पर महिला व पुरुष कबड्डी एवं वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### मीना बाजार में सजने लगी हैं दुकानें

**भोपा।** शुकतीर्थ मेले में मीना बाजार महिलाओं व बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है, जिसमें महिलाएं व बच्चे जमकर खरीदारी करते हैं तथा चाट, आईसक्रीम व फास्ट फूड का आनन्द लेते हैं। मीना बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी है।

अंतिम यात्रा



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
श्री अजय गर्ग (पुत्र श्री सत्य प्रकाश) का स्वर्गवास
दिनांक 11/11/2024 दिन- सोमवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी अंतिम यात्रा आज सुबह दिनांक 12 नवम्बर 2024
दिन-मंगलवार, समय- प्रातः 8:30 बजे
हमारे निज निवास प्रकाश चौक, डॉ बंसल के सामने से प्रारम्भ होकर
नई मण्डी श्मशान घाट, मुजफ्फरनगर के लिए प्रस्थान करेगी।
शोकाकुल परिवार
अमिता गर्ग (पत्नी)
अनुभव गर्ग-दीप्ति गर्ग (पुत्र-पुत्रवधू),
अंकिता-अंकित (पुत्री-दामाद) एवं समस्त गर्ग परिवार
प्रतिष्ठानः मै. महालक्ष्मी क्रॉफ्ट एंड टिश्यू प्रा. लि.
मै. नेशनल गैस सर्विस, मुजफ्फरनगर
संपर्क सूत्रः 7060206555

52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 18.5 °c | अधिकतम 28.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:41 सूर्यास्त : 5:25 | वर्ष : 52/ अंक : 313 मंगलवार, 12 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये



**अमृतवाणी**

काटेंगे तो उम्र है,
जिएंगे तो जिंदगी है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बटेंगे तो कटेंगे जैसे बयान कोई साधू नहीं दे सकता, ये बात आतंकी कह सकते हैं : खड़गे

बरसों से मैं भटक रहा मूरख और नादान... साधू को हो पाएगी.... साधू की पहचान...




देवभूमि ग्रीन्स
ॐ श्री श्याम देवाय नमः
ॐ श्री श्याम देवाय नमः
MDA APPROVED
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा
श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
DEV-BHOOMIS
MUZZAFAR NAGAR
PLOTS
SIMPLEX
DUPLEX
VILLA
COMMERCIAL SPACE
Commercial Space
SIMPLEX
VILLA
COMMERCIAL SPACE
Amenities And Facilities
Fountain
24 Hour Security
Sewage, Drainage And Rainwater Harvesting
Self STP And Water Tank.
Lavish Gardens.
Temple, Kidzone Park
Specious Township Along With Internal Commercial Proposal, Roadways Bus Stand , Schools, Hospital, Mall, Hotels and Many More Facilities In 1.5 Km. Radius
Club House With Swimming Pool and Badminton Court.
Double Gate Entry Bhopa Road & National Highway NH58.
INTERNAL WELCOME PARK
8923123405
Developed By :-
DEVBHOOMIS GREENS
DEVBHOOMIS INFRA BUILD PRIVATE LIMITED
Site Office : Bhopa Road, Near Transport Nagar, NH-58, Muzaffarnagar